दिनांक 31.10.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में निगम आयुक्त एस0के0 सुंदरानी की उपस्थिति में निगम में कार्यरत् कर्मचारी श्री डी0पी0 शर्मा आत्मज मदन लाल शर्मा राजस्व उप निरीक्षक, श्री संतराम निषाद पिता श्री ढ़ेलूराम चैनमेन, उक्त दोनो कर्मचारी विघटित विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) भिलाई एवं वर्तमान नगर पालिक निगम भिलाई अपनी 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। सेवाकाल पूर्ण किये हुए कर्मचारी को निगम आयुक्त एस0के0 सुंदरानी, उपायुक्त श्री द्विवेदी के द्वारा शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुक्त श्री सुंदरानी ने कहा कि आप लोगों ने अपने सेवा कार्यकाल में उच्च अधिकारियों द्वारा सौंपे गये कार्यों का निष्ठा पूर्वक संपादन किया जाता रहा है आप लोगों का व्यवहार अधिकारी एवं कर्मचारियों के बीच मधुर संबंध रहें हैं आप लोग अपने सेवाकाल से सेवानिवृत्त हो रहें है निगम परिवार आप लोगों के उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायू होने की कामना करता है आप हमेशा निगम परिवार को अपने पास ही पायेंगे, साथ ही उपायुक्त अशोक द्विवेदी को निर्देशित करते हुए आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने कहा कि जो भी राशि सेवानिवृत्ति के पश्चात् दी जानी होती है उसको नियमानुसार दिया जाये। कार्यक्रम का संचालन कर्मचारी संघ के पदाधिकारी श्री संजय शर्मा ने किया। बिदाई समारोह में उपायुक्त अशोक द्विवेदी, श्री वाय.के. राव, मूर्ति शर्मा, आई.एल. यादव, धर्मेन्द्र मिश्रा, जावेद अली, पुरुषोत्तम साहू, दौलत चन्द्राकर, बसंत साहू, अरुण सिंह, अनिल मेश्राम, रामेश्वर चन्द्राकर, श्रवण ठाकुर, निर्मल शर्मा, विनोद चन्द्राकर, रामायण सिंह, मिलउ देवांगन, नारद शर्मा सहित महिला कर्मचारी एवं कर्मचारी संघ के पदाधिकारी, सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी